# सांगोद विधानसभा क्षेत्र में 8.36 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत

- लोकसभा अध्यक्ष बिरला और ऊर्जा मंत्री नागर के प्रयास से मिली स्वीकृति
- 5.11 करोड़ रूपये की लागत से सीमलिया, निमोदा विलेज पोर्शन में सीसी सड़क एवं 6 किमी सड़क का होगा डामरीकरण

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के प्रयासों से सांगोद विधानसभा क्षैत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 8.36 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं। ऊर्जा मंत्री के विशेषाधिकारी (निजी) राजेन्द्र नागर ने बताया कि ग्राम सीमलिया में मुख्य बाजार पर सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी थी।

व्यापारियों एवं ग्रामवासियों द्वारा लगातार सीमलिया मुख्य बाजार में सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी। चुनाव में भी सड़क नहीं तो वोट नहीं के बोर्ड लगाए गए थे।

ऊर्जा मंत्री नागर ने सीमलिया की जनता से वादा किया था कि शीघ्र सीमलिया में सड़क बनेगी। ऊर्जा मंत्री नागर ने सीमलिया के व्यापारियों एवं आमजन की समस्याओं को समझते हुए 5.11 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कराई है। जिसमें सीमलिया से दीगोद-निमोदा हरिजी-छीपड़दा तक विलेज पोर्शन में सीसी सड़क एवं 6 किमी क्षतिग्रस्त सड़क पर डामरीकरण किया जाएगा। जिससे आमजन के लिए आवागमन सुलभ हो सकेगा।

**2.25 करोड़ रूपए की लागत से कोटसुआं-चन्द्रावला की पुलिया का होगा निर्माण कार्य:-** चन्द्रावलां-कोटसुआं-निमोदा के ग्रामवासियों द्वारा पिछले काफी समय से चन्द्रावलां-कोटसुआं के मध्य क्षतिग्रस्त पुलिया के निर्माण की मांग की जा रही थी। पिछले दिनों बारिश के दौरान कृषि विपणन बोर्ड द्वारा बनाई गई पुलिया क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। जिससे आवागमन पूर्ण रूप से बन्द हो चुका था।

चुनाव के दौरान क्षेत्र की जनता एवं कार्यकर्ताओं ने पुलिया निर्माण के कार्य को प्रमुखता से रखा था। नागर ने जनता से चुनाव में वादा किया था, कि चुनाव जीतने के एक साल के अन्दर ही चन्द्रावलां-कोटसुआं के मध्य पुलिया का निर्माण होगा। ऊर्जा मंत्री नागर ने अपना वादा पूरा करते हुए कोटसुआं-चन्द्रावलां क्षेत्र की जनता को 2.25 करोड़ रूपये की लागत की सौगात देकर गांव को आपस में जोड़ने का काम किया है।

**एक करोड़ रूपये की लागत से कनवास में होगा बस स्टेण्ड का निर्माण कार्य:-** ऊर्जा मंत्री नागर ने कनवास की जनता की मांग पर बजट घोषणा 2024-25 में कनवास क्षेत्र की जनता के यात्रियों के लिए बजट घोषणा में बस स्टेण्ड स्वीकृत करवाया गया था।

बजट घोषणा के बाद ऊर्जा मंत्री नागर लगातार प्रयासरत रहे, जिसके परिणामस्वरूप कनवास की जनता के लिये बस स्टेण्ड के निर्माण हेतु 1 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत कराते हुए मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को अविलम्ब निर्माण कार्य चालू करवाने के निर्देश दिए हैं।

## यातायात नियमों की जानकारी दी

**कोटा,** (निसं)। शहरों का तेजी से विकास हो रहा है और लगातार वाहनों की संख्या भी बढ़ रही है और इसी के चलते दुर्घटनाएं भी अधिक हो रही है और युवाओं की जान जा रही है, ऐसे में हमें ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिऐं साथ ही समय से पहले हमें सफर पर निकालना चाहिऐं ताकि हम आराम से गाड़ी चला कर अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। यह बात आरटीओ के निरीक्षक देवेंद्र जोशी ने कहीं। तीन बत्ती स्थित जोशीको ड्राइविंग स्कूल के बाहर यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा पर आधारित फोटो, चित्रों व वर्चुअल यंत्रों की प्रदर्शनी लगाई गई जिसका उद्घाटन आरटीओ इंस्पेक्टर देवेंद्र जोशी, कोटा सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल सचिव भुवनेश गुप्ता व जोशिको ड्राइविंग के संस्थापक धीरेंद्र कुमार जोशी के कर कमलों से हुवा। परिवहन विभाग, यातायात विभाग व कोटा सड़क सुरक्षा समिति दाता के सहयोग से जोशिको ड्राइविंग स्कूल तीन बत्ती दादाबाड़ी चौराहे पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें पोस्टर के माध्यम से यातायात नियमों का पालन करना, दुर्घटना से देर भली, समय से पूर्व घर से निकलना, सर्दी , गर्मी, बरसात एवं रात को वाहनों को किस तरह से चलाया जाए सहित अन्य जानकारियां दी गई।

## गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई

**झालावाड़** (निसं)। गणतंत्र दिवस समारोह 2025 को गरिमामय तरीके से मनाए जाने के लिए गुरूवार को जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलक्टर ने विजयाराजे सिंधिया राजकीय खेल संकुल झालावाड़ में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियों की समीक्षा की तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने समारोह स्थल पर व्यापक साफ-सफाई, स्टैण्ड्स पर रंग-रोगन करवाने, पेयजल, बिजली, टेन्ट, माईक, बैठक एवं परिवहन आदि की माकूल व्यवस्थाएं करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं शहर के प्रमुख चौराहों सहित राजकीय कार्यालयों एवं भवनों पर रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश नगरपरिषद् के अधिकारी को दिए। जिला कलेक्टर ने समारोह स्थल पर चिकित्सक एवं मेडिकल स्टाफ सहित एम्बूलेंस की व्यवस्था करवाने के निर्देश चिकित्सा विभाग के अधिकारी को दिए।

उन्होंने जिला परिषद्, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पर्यटन, परिवहन, पशुपालन विभाग एवं नगर परिषद् आदि विभागों के अधिकारियों को झांकियों के प्रदर्शन संबंधी निर्देश प्रदान किए। उन्होंने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित की जाने वाली सांस्कृतिक संध्या की सम्पूर्ण तैयारियों की समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सत्यनारायण आमेटा, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भुदयाल मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजीलाल मीणा, उपखण्ड अधिकारी अभिषेक चारण, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मुकेश मीणा, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता वीसी गोयल, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता हुकुमचन्द मीणा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह मीणा,सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

**झालावाड़** (निसं)। गुरुवार को राजकीय हरिश्चंद्र सार्वजनिक जिला पुस्तकालय झालावाड में अखिल भारतीय साहित्य सुधा मंच एवंम पुस्तकालय के संयुक्त तत्वावधान मे नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई कार्यक्रम की अध्यक्षता चैतन्य प्रकाश शर्मा द्वारा की गई परमानंद भारती धनीराम समर्थ विश्वनाथ सचार अंजलि मीणा आदि मंचासीन रहे। सर्वप्रथम मंच द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात नेताजी सुभाष चंद्र बोस के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया सरस्वती वंदना चैतन्य जी द्वारा की गई अनंत व्यास विश्वराज सिंह शीला कलाल पुस्तकालय स्टाफ द्वारा अतिथियों का माला पहनकर स्वागत किया गया चैतन्य शर्मा परमानंद भारती धनीराम समर्थ विश्वनाथ सच्चर द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया कार्यक्रम का मंच संचाल कुंवर कृष्ण सिंह हाड़ा द्वारा किया गया अंत मे आभार कैलाश चंद्र राव आहरण वितरण अधिकारी द्वारा किया गया इस इस अवसर पर पुस्तकालय के पाठक संगीता नीलू वैष्णव गौतम पाटीदार नीरज विवेक प्रजापति ने अपने विचार व्यक्त किए सुभाष चंद्र बोस के नारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।




